# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026


# पश्चिम एशिया मे तनाव के बीच बाजार मे उछाल, सेसेंक्स 180 अंक चढ़ा, निफ्टी 24700 के पार।


Publisher

Published on 16 Jun 2025




## एशियाई बाजारों मे तेजी, भारतीय शेयर बाजार मे हंरे निशान की शुरुआत।

**स्टॉक मार्केट**: पश्चिम एशिया में जारी **भू-राजनीतिक** तनाव के बावजूद **भारतीय शेयर बाजार** ने हफ्ते की शुरुआत मजबूती के साथ की है। सोमवार सुबह **सेसेंक्स 180 अंक** उछलकर ग्रीन जोन में पहुंच गया, वहीं **निफ्टी 24,700** के पार कारोबार करता दिखा।

एशियाई बाजारों में भी अच्छी तेजी देखी जा रही है। जापान का **निक्केई 0.94%** और **टॉपिक्स 0.97%** ऊपर है। **ऑस्ट्रेलिया का ASX 200 इंडेक्स 0.23%** चढ़ा है जबकि कोरिया का **कोस्पी इंडेक्स 0.14%** की मजबूती के साथ ट्रेड कर रहा है।

### अमेरिकी बाजारों मे गिरावट

पिछले हफ्ते शुक्रवार को **अमेरिकी शेयर बाजार** में भारी गिरावट देखने को मिली। **डाउ जोन्स 1.79%, एसएंडपी 500 मे 1.13%** और **नैस्डेक मे 1.30%** की गिरावट दर्ज की गई।

### कच्चे तेल की कीमतों मे उछाल

इजरायल द्वारा ईरान के ठिकानों पर की गई बमबारी के चलते वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में उबाल देखा जा रहा है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 75 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है।

### सोने की कीमतों मे तेजी

भू-राजनीतिक तनाव और अनिश्चितता के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। कॉमेक्स गोल्ड की

कीमत 2350 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई है।

**बाजार को प्रभावित करने वाले कारक**

**भारतीय बाजार की दिशा कई वैश्विक और घरेलू कारकों पर निर्भर कर रही है**:

१. **ईरान-इजरायल के बीच बढ़ता तनाव**

२. **ब्रेटं क्रूड ऑयल की कीमतों मे तेजी**

३. **घरेलू महंगाई दर और**

४. **अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों मे संभावित बदलाव**

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक इस हफ्ते **फेडरल रिजर्व, जापान** और **ब्रिटेन के केद्रीय बैकों** की ब्याज दरों से संबंधित निर्णयों पर खास नजर बनाए हुए हैं।

**विशेषज्ञ की राय**

**विनोद नायर, रिसर्च हेड,** जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसार:

"बाजार में फिलहाल ऊंचा मूल्यांकन और भू-राजनीतिक तनाव दोहरी चुनौती बने हुए हैं। निवेशकों को सावधानी के साथ आगे बढ़ना चाहिए, खासकर जब फेडरल रिजर्व की आगामी बैठकें नजदीक हैं।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.